**शैक्षणिक सत्र - 2018 - 19**

## IQAC की बैठक

आज दिनांक 03/07/2018 दिन मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक आरंभ होने का समय दोपहर 3.00 बजे से है। बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है।

(1) बैठक के प्रारंभ में प्राचार्य महोदय द्वारा नये सत्र 2018-19 के आरंभ होने पर आयोजित IQAC की प्रथम बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विकास में, गुणवत्ता वृद्धि में IQAC की प्रभावी भूमिका कैसे हो सकती है इस पर अपने विचार रखे तथा IQAC को और सशक्त रूप से कार्य करने पर बल दिया।
IQAC के समन्वयक ने आज के बैठक के एजेंडा की जानकारी दी।

(2) पिछली बैठक में लिये गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा किये गये कार्यों को संतोषजनक बताया गया।

(3) प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र/छात्राओं के लिए प्रवेश नियमों से प्रवेश प्रभारी को अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा प्रवेश कार्य पूर्ण निष्पक्षता से बिना भेदभाव किए सम्पन्न कराने कहा। विभागीय हेल्प डेस्क प्रभारी को भी विद्यार्थियों को आवश्यक

सहयोग छात्र/छात्राओं को देने का निर्देश दिया। छात्र/छात्रायें के अनुपस्थित पर अभिभावक साथ में आते हैं तो उन्हें भी उचित सम्मान दिए जाने का निर्देश, प्राचार्य महोदय ने प्रवेश प्रभारी, हेल्प-डेस्क प्रभारी को दिया।

(4) बैठक में पंचमुखी कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय में स्वच्छता बनाये रखने सप्ताहांत में 1-2 घंटे के लिए समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा भवन के भीतर साफ-सफाई का कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत परिसर में हरियाली के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया

(5) वर्तमान समय संचार क्रांति का है तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी मोबाईल का उपयोग करते हैं अतः यह निर्णय लिया गया कि सभी विद्यार्थियों से उनका मोबाईल नम्बर तथा ई मेल आईडी अनिवार्य रूप से लिया जावे।

(6) वर्षाकाल समाप्ति पश्चात लोक निर्माण विभाग खैरागढ़/छुईखदान को भवन के मरम्मत एवं रंग रोगन के लिए पत्र लिखा जावे।

(7) समिति ने राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर द्वारा सत्र 2018-19 के लिए जारी

PAGE :
Date :

किए गए शैक्षणिक कैलेण्डर का पूर्णतया पालन करने के लिए समस्त गतिविधियों के लिए अपना कैलेण्डर तैयार करना सुनिश्चित किया है। इसके तहत छात्रसंघ का गठन, खेलकूद की गतिविधियां, यूनिट एवं सत्र परीक्षा, वार्षिकोत्सव निर्धारित समय पर सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया।

(8) प्रति वर्ष अनुसार सत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न प्रकार की समितियों के गठन का निर्णय लिया गया।

(9) समिति ने महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन को गति प्रदान करने का संकल्प दोहराया तथा Self Study Report तैयार करने के लिए समिति बनाने का निर्णय लिया।

अंत में समिति के समन्वयक द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा इसी के साथ आज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न उपस्थित रहे।

(1) डॉ श्रीमती एस० त्रिपाठी - Sripathi
सहा० प्राध्यापक

(2) श्रीमती अनिता पोषार्य - [signature]
क्रीड़ा अधिकारी

(3) श्री टी० एल० वर्मा - [signature]
सहा० प्राध्यापक

(4) श्री आर० के० नेताम - [signature]
सहा० ग्रेड - 2

(5) श्री- डी० एल० साव - [signature]
प्रयोगशाला तकनीशियन

(6) कु.श्री. सबीना खान - [signature]
स्वच्छता कर्मी

[signature]
13/7/2018
(श्री. एन० कु० श्रीवास्तव)
IQAC समन्वयक
IQAC Co- Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

[signature]
(डॉ० एन० एल० वर्मा)
प्राचार्य
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

PAGE :
Date :

## IQAC की बैठक

आज दिनांक 04/10/2018 दिन गुरुवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दोपहर 3.30 बजे हो रही है। बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है।—

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए समिति के संयोजक श्री एम० के० श्रीवास्तव को बैठक का एजेण्डा अनुसार कार्यवाही आरंभ करने का निर्देश दिया तत्पश्चात श्री एम० के० श्रीवास्तव ने आज के बैठक के एजेण्डा से सभी सदस्यों को अवगत कराया।

2. पिछली बैठक में लिये गए निर्णयों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्यों के अच्छे क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ कार्यों के अपूर्ण होने पर उन्हें शीघ्र ही पूर्ण करने का निर्णय लिया।

3. आंतरिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए समय-समय पर अतिथि विद्वानों को महाविद्यालय में व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जावे इसके लिए विभिन्न विभाग प्रमुख द्वारा यह कार्य अपने विषय के विशेषज्ञों से सम्पर्क करके सम्पन्न कराया जाने का निर्णय लिया गया।

4. बैठक में विगत वर्ष में महाविद्यालय को प्राप्त लेन्दर सारीया स्पो-स्पो (पु०) प्रतियोगिता के

(32)

के आयोजन का जो दायित्व मिला था उसके सफल संचालन के लिए प्राचार्य महोदय द्वारा क्रीड़ाधिकारी एवं संचालन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी तथा आने वाले वर्ष में भी अन्य विधाओं में संभाग तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व प्राप्त करने की मांग किए जाने का निर्णय लिया गया।

(5) विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रसंघ का गठन मेरिट के आधार पर मनोनयन करके किया जाता है। इसके लिए कक्षावार मेरिट सूची तैयार करने के लिए समिति बनाने का निर्णय लिया गया। छात्रसंघ का गठन निर्धारित तिथि को सम्पन्न हो इसके लिए प्राचार्य महोदय द्वारा छात्रसंघ प्रभारी प्राध्यापक श्री एन० के० श्रीवास्तव को आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए गए।

(6) महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार महापुरुषों की जयंती/पुण्य तिथि पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए प्राचार्य महोदय द्वारा डॉ श्रीमती एस० एल० तिवारी, सहा. प्राध्यापक एवं श्री डी० एन० वर्मा, सहा. प्राध्यापक को विशेष प्रयास करने हेतु निर्देश दिया गया तथा [illegible] को सर्जिकल स्ट्राइक दिवस पर तथा आगामी सप्ताह में मद्य निषेध सप्ताह में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

(7) आगामी माह में AISHE पोर्टल पर महाविद्यालय

PAGE : Date :

की जानकारी अपलोड किया जाता है इसके लिए प्राचार्य महोदय द्वारा श्री आर० के० महोबे को आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

अंत में समन्वयक श्री एस० के० श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा इसके साथ ही आज की बैठक गुणवत्ता वृद्धि के लिए सतत् प्रयासरत रहने के संकल्प के साथ समाप्त हुई। बैठक में निम्न उपस्थित रहे:

1. डॉ० (श्रीमती) शकुन्तला त्रिपाठी सहा० प्राध्यापक — Sd/-
2. श्रीमती अनिता पोवार्य ग्रंथपाल — Sd/-
3. श्री टी० एल० वर्मा क्रीड़ा अधिकारी — Sd/-
4. श्री डी० पी० सिन्हा अतिथि सहा० प्राध्यापक — Sd/-
5. श्री त्रिदेव प्रजापति अतिथि सहा० प्राध्यापक — Sd/- त्रिदेव
6. श्री आर० के० महोबे सहा० ग्रेड - 2 — Sd/-
7. श्री डी० एल० साहू लैब टेक्नीशियन — Sd/-

Sd/- 01/01/18
(श्री एस० के० श्रीवास्तव)
IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

Sd/-
(डॉ० ... ...)
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon [C.G.]

## IQAC की बैठक

आज दिनांक 03/01/2019 दिन गुरुवार को महाविद्यालय के IQAC की बैठक प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दोपहर 3.30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक की कार्यवाही विवरण निम्न है:—

① सर्वप्रथम बैठक के आरंभ में प्राचार्य महोदय द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए सभी को नव वर्ष की बधाई दी गई तथा समन्वयक श्री एन०के० श्रीवास्तव द्वारा आज के बैठक का एजेण्डा बताया गया शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए निम्नांकित निर्णय लिये गये।

② सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नैक मूल्यांकन के महाविद्यालय के website तो है लेकिन महाविद्यालय की अद्यतन जानकारी नहीं है। इसके लिए महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों को महाविद्यालय के website में संबंधित शीर्ष में अपलोड किया जावे ताकि महाविद्यालय की अद्यतन स्थिति प्रदर्शित हो।

③ यह निर्णय लिया गया कि छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं कृषक, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाकर वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम शीघ्र ही सम्पन्न कराया जावे इस बारे में प्राचार्य महोदय ने वार्षिकोत्सव प्रभारी प्राध्यापक श्री एन०के० श्रीवास्तव को

आवश्यक निर्देश दिया।

(4) यह भी निर्णय लिया गया कि स्नातक स्तर की सभी कक्षाओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 15 दिनों के भीतर आयोजित कर लिया जावे जिससे कि मूल्यांकन पश्चात विश्वविद्यालय के website पर छात्र/छात्राओं के अंक भरे जा सके यह कार्य समयबद्ध तरीके से करना है।

(5) आगामी फरवरी माह में प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षा एवं स्नातक प्रथम वर्ष की पर्यावरण अध्ययन की मौखिक परीक्षा, प्रोजेक्ट फाईल सभी छात्र/छात्राओं से बनाकर जमा करने का कार्य किया जाना है इसके लिए समय-सीमा में उपरोक्त कार्य सम्पन्न करने हेतु कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया।

(6) बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी प्राध्यापकों को यह सूचित किया जावे कि वे सभी अपना कोर्स का अध्यापन कार्य 28 फरवरी 19 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। अगर आवश्यकता हो तो अतिरिक्त कक्षाएं लें।

(7) बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में बढ़ती छात्र/छात्राओं की संख्या को देखते हुए ग्रंथालय में और अधिक पुस्तकों की आवश्यकता है अतः सभी विषय के शिक्षकों से उनके विषय के सन्दर्भ पुस्तकों की सूची तैयार करवाया जावे ताकि बजट में पुस्तकें

क्रय हेतु राशि प्राप्त होने पर क्रय की प्रक्रिया ~~शीघ्रता से पूर्ण की जा सके~~)

(8) महाविद्यालय में सभी पात्र छात्र/छात्राओं को शासन के द्वारा प्रदाय की जा रही छात्रवृत्ति का लाभ मिलता रहे इसके लिए एक समिति बनाई जावे जो विभिन्न छात्रवृत्ति योजना की जानकारी छात्र/छात्राओं को दें ताकि कोई भी पात्र छात्र/छात्रा न छूटे।

बैठक के अंत में समन्वयक श्री एस.के. श्रीवास्तव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा आज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ श्रीमती एल.के. त्रिपाठी — [signature]
2. श्रीमती अनिता पाण्डेय — [signature]
3. श्री डी.एल. वर्मा — [signature]
4. श्री डी.जी. सिन्हा — [signature]
5. श्री त्रिदेव प्रजापति — त्रिदेव
6. श्री आर.के. मरके — [signature]
7. श्री डी.एल. लोध — [signature]
8. कु. सबीना खान — [signature]

[signature]
(श्री एस.के. श्रीवास्तव)
IQAC Co-Ordinator
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Government College GANDAI
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

[signature] 04.10.18
(डॉ. [illegible])
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Choubey
Govt. College Gandai
Distt.-Rajnandgaon (C.G.)

# IQAC की बैठक

आज दिनांक 12/04/2019 दिन शुक्रवार को प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में IQAC की बैठक दोपहर 3.30 बजे से हो रही है। बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:-

① सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा IQAC द्वारा आंतरिक गुणवत्ता हेतु किए जा रहे कार्यों को संक्षेप में बताया। साथ ही आज की बैठक के एजेंडा अनुसार समन्वयक प्रो. डॉ. के. श्रीवास्तव को बैठक के संचालन के लिए अनुमति दी।

② बैठक में विगत बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कुछ कार्य अधूरे हैं जिन्हें शीघ्र ही पूर्ण करने का संकल्प लिया।

③ महाविद्यालय में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की वार्षिक परीक्षा जारी है। इसके सफल संचालन करने के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए प्रति परीक्षा दिवस सभी पाली में आंतरिक Flying Squad के कार्यों की सराहना की तथा इसे निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया।

④ - बैठक में सत्र वर्ष 2017-18 में शासन को अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्रांट एवं सौंदर्यीकरण मैदान समतलीकरण तथा प्रवेश द्वार निर्माण हेतु

बोर्ड निर्माण विभाग से Stage I इस्टीमेट तैयार कर भेजा गया था। किन्तु अभी तक इसकी स्वीकृति नहीं हुई है। अतः पुनः इस बारे में शासन से पत्राचार किए जाने का निर्णय लिया गया।

(5) महाविद्यालय का नैक से मूल्यांकन अत्यावश्यक कार्य है। इस हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा इस कार्य से जुड़े महाविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी जिन महाविद्यालयों का नैक से वर्तमान में मूल्यांकन हो चुका है उन सभी की website का समय-समय पर अवलोकन करते रहें तथा साथ ही NAAC के website का भी सतत् रूप से अवलोकन करते रहें ताकि सभी SSR के लिए अपडेट जानकारी से अवगत रहें।

(6) NSS का स्वर्ण जयंती वर्ष होने पर आगामी माह में इस वर्ष महाविद्यालय का [illegible] के किनारे-किनारे वृक्षारोपण का कार्य करने का निर्णय लिया। इसके लिए N.S.S. कार्यक्रम अधिकारी श्री [illegible] को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया।

(7) महाविद्यालय की पुरातन भवन के प्रवेश द्वार के सामने स्थित है, में बरामदा खुला

हुआ है इससे लोहे की जाली तथा ग्रील गेट लगवाने का निर्णय लिया गया इससे पुराने भवन का बरामदा सुरक्षित होगा।

(8) महाविद्यालय में अब तक कोई भी Television नहीं है समाचार तथा मनोरंजन के कारण महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध रहे इसके लिए महाविद्यालय में LED TV खरीदने तथा उसमें DTH का कनेक्शन लगाने का निर्णय लिया गया।

(9) विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर संबंधित रजिस्टर में इसकी प्रविष्टि की जावेगी तथा इसका विश्लेषण भी किया जाने का निर्णय लिया गया।

समिति के समन्वयक श्री एच०के० श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा इसके साथ ही बैठक समाप्त हुई। आज की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

(1) डॉ० श्रीपति एस० त्रिपाठी - Sripathi
सहा० प्राध्यापक

(2) श्रीमती अनिता पोजार्य
क्रीड़ाधिकारी

(3) श्री ई० एल० वर्मा
सहा० प्राध्यापक

(4) श्री आर० के० नथोके — [signature]
सहा० ग्रेड - 2

(4) श्री डी० एल० साव: — DVS
प्रयोगशाला तकनीशियन
~~सहा० ग्रेड~~

(5) श्री राजकुमार निर्मलकर — Rajkumar
भृत्य/ [illegible]

[signature]
(श्री एल० के० श्रीवास्तव)
IQAC समन्वयक
IQAC Co- Ordinator
Late Shri Devi Prasad ji choubey
Government college GANDAI
Distt. Rajnandgaon (C.G)

[signature]
(डॉ० एन० एल० [illegible])
प्राचार्य
Principal
Late Shri Devi Prasad Ji Cho[ubey]
Govt. College Ganda[i]
Distt.-Rajnandgaon (C.[G])